


# फ्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीग,मंगलवार,18,नवंबर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


## Delhi Blast: 68 संदिग्ध मोबाइल फोन

### जो ब्लास्ट की जगह के पास थे सक्रिय; इनपर पाकिस्तान और तुर्किये से आईं कॉल



धमाके के बाद पुलिस ने सुनहरी बाग और लाल किला के पास मोबाइल टॉवर से डंप डाटा उठाया। उसकी मदद से कई तकनीकी जानकारियां सामने आई हैं। अब जांच उसके आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है।लाल किला के पास हुए बम धमाके की जांच के दौरान पुलिस को कुछ चौकाने वाले सुराग मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक अभी तक की जांच में पता चला है कि कुल 68 संदिग्ध मोबाइल नंबर सुनहरी बाग पार्किंग और बम धमाके वाली जगह पर एक्टिव थे। यही 68 मोबाइल नंबर अब जांच का केंद्र बन गए हैं। सूत्रों का कहना है कि इन नंबरों पर पाकिस्तान और तुर्किये से कॉल आई थीं। पाकिस्तान और तुर्किये से आने वाली कॉल, इंटरनेट रूटिंग और विदेशी सर्वर से जुड़ रहे फोन पर विशेष निगरानी शुरू कर दी है। धमाके के बाद पुलिस ने सुनहरी बाग और लाल किला के पास मोबाइल टॉवर से डंप डाटा उठाया। उसकी मदद से कई तकनीकी जानकारियां सामने आई हैं। अब जांच उसके आधार पर आगे बढ़ाई जा रही है। सूत्र बताते हैं कि संदिग्ध नंबरों पर धमाके से ठीक पहले भारतीय नेटवर्क पर असामान्य डेटा-स्पाइक्स (डाटा का आदान-प्रदान हुआ) दर्ज कराया गया। सबसे अहम जानकारी विस्तृत फोन-मैपिंग के जरिये मिली है। डॉ. उमर की कार सुनहरी बाग पार्किंग में तीन घंटे से अधिक समय तक खड़ी रही उस दौरान उसके 30 मीटर के दायरे में 187 फोन नंबर सक्रिय पाए गए।बम विस्फोट जहां हुआ वहां पर पांच मिनट पहले और पांच मिनट बाद कुल 912 फोन सक्रिय मिले। दोनों स्थानों की डिजिटल लोकेशन-हिस्ट्री के मिलान में कुल 68 मोबाइल नंबर ऐसे मिले जो दोनों जगह पर उसी समय सक्रिय थे।

## शेख हसीना को मौत की सजा



बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को सुनाई गई मौत की सजा मामले में देश-विदेश से बयान आ रहे हैं। पड़ोसी देश भारत इस घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए है। विदेश मंत्रालय के बयान के बाद पूर्व राजनयिक और कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी प्रतिक्रिया दी। थरूर समेत अन्य नेताओं और सियासी हस्तियों ने शेख हसीना मामले में क्या कहा? जानिए इस खबर मेंकांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को सुनाई गई सजा-ए-मौत पर प्रतिक्रिया दी है। बांग्लादेशी न्यायाधिकरण से पारित इस आदेश पर ढाका से भारत तक सियासी हलचल देखी जा रही है। हसीना को मृत्युदंड पर कांग्रेस सांसद थरूर ने कहा,

## बंगलूरू मेट्रो स्टेशन को बम से उड़ाने की धमकी



धमकी मिलने के बाद बंगलूरू मेट्रो के विभिन्न स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और लोगों के सामान की सघन तलाशी ली जा रही है। हाल के समय में कई स्कूलों, रेलवे स्टेशन आदि जगहों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। बंगलूरू मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बीएमआरसीएल को एक ईमेल के जरिए यह धमकी दी गई है। विल्सन गार्डन पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 14 नवंबर को रात करीब साढ़े 11 बजे धमकी भरा ईमेल आया। जिसके बाद बंगलूरू मेट्रो द्वारा पुलिस से इसकी शिकायत दर्ज कराई गई।

## लालू के कुनबे में कितनी दौलत?

### तेजस्वी से चार गुना अमीर हैं रोहिणी, तेज प्रताप संपत्ति के मामले में सबसे पीछे




बिहार चुनाव के नतीजों में राजद को बड़ी हार का समना करना पड़ा। राजनीति में राजद के बुरे दिन के साथ साथ लालू के परिवार में भी कुछ ठीक नहीं चल रहा है। पहले तेजप्रताप यादव पार्टी और परिवार से अलग हो गए।बिहार चुनाव के नतीजों में राजद को बड़ी हार का समना करना पड़ा। पार्टी की राजद के बाद लालू यादव के परिवार की कलह भी खुलकर सामने आ गई। लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने परिवार पर आरोप लगाते हुए एक पोस्ट किया। रोहिणी ने लिखा कि मैं राजनीति छोड़ रही हूं और अपने परिवार से भी नाता तोड़ रही हूं। रोहिणी ने अपने पोस्ट में कहा कि उनके ऊपर आरोप लगाया गया कि उन्होंने करोड़ों रूपए लिए , टिकट लिया तब अपनी किडनी पिता को दी। लालू प्रसाद यादव के छोटे बेटे तेजस्वी यादव दो बार बिहार के उप-मुख्यमंत्री रह चुके हैं। राजनीति में आने से पहले तेजस्वी क्रिकेट खेलते थे। वह इस बार बिहार विधानसभा में राघोपुर से एक बार फिर जीते हैं। चुनाव आयोग को बताई गई जानकारी के अनुसार तेजस्वी के पास कुल नौ करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। इसमें 7,12,87,812 रुपये की चल संपत्ति और 1,88,50,000 रुपये की अचल संपत्ति है।लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप बिहार सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। 2025 के बिहार चुनाव में परिवार और पार्टी से अलग होने के बाद उन्होंने खुद का दल जनशक्ति जनता दल बनाया। इसी पार्टी के टिकट पर महुआ सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन हार गए।

## अजित पवार पर ₹500 करोड़ के अस्पताल घोटाले का आरोप



Scam: अजित पवार पर ₹500 करोड़ के अस्पताल घोटाले का आरोप, बावनकुले बोले- लिखित शिकायत पर उठाया जाएगा कदम **Scam: अजित पवार पर ₹500 करोड़ के अस्पताल घोटाले का आरोप, बावनकुले बोले- लिखित शिकायत पर उठाया जाएगा कदम**

## Mumbai Crisis

### मुंबई में CNG का संकट, गैस स्टेशनों पर लंबी कतार; मनमाना किराया वसूल रहे ऑटो, कैब की किल्लत



मुंबई में सीएनजी पाइपलाइन टूटने से पूरे शहर में गैस सप्लाई गड़बड़ा गई। इसकी वजह से सीएनजी स्टेशनों पर वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी है। वहीं इस दौरान ऑटो और टैक्सी वाले मनमाना किराया भी वसूल रहे हैं। कई इलाकों में कैब सुविधाओं की भारी किल्लत का सामना यात्रियों का करना पड़ रहा है।मुंबई और आसपास के इलाकों में सीएनजी आपूर्ति का संकट मंगलवार को भी जारी रहा। शहर के ज्यादातर सीएनजी गैस स्टेशनों पर सुबह से ही वाहनों की लंबी-लंबी कतारें दिखीं। कई ऑटो और टैक्सी चालकों को अपनी गाड़ी में गैस भरवाने के लिए तीन से चार घंटे तक इंतजार करना

# Aaj Ka Rashifal 18 November

## वृषभ और कन्या समेत इन चार राशि वालों को मिल सकता है लाभ



18 November Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 18 नवंबर 2025 का राशिफल आज मंगलवार 18 नवंबर का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर स्वाति नक्षत्र और तुला राशि में होगा।आज के दिन सुनफा योग बन रहा हैं क्योंकि आज चंद्रमा से दूसरे भाव में सूर्य बुध और मंगल की युति होने जा रही है,

### मेष

आज आपकी माताजी किसी बात को लेकर नाराज रहेंगी, क्योंकि आपका जो मन में आएगा, वह करेंगे, जिससे उन्हें कोई ठेस पहुंच सकती हैं। आपको किसी दूसरे की मामले में बेवजह बोलने से बचना होगा। आपको अपने जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि उनकी खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है। आपके मन में काम को लेकर भी नए-नए आइडिया आएंगे, जो आपके लिए बेहतर रहेंगे। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहेगा। आज आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी, लेकिन आपने किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। रोजगार की तलाश में लगे लोगों के लिए दिन बेहतर रहेंगे। जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर पाएंगे और प्रॉपर्टी डीलर का काम आप कर सकते हैं, जिसमें आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे और पार्टनरशिप भी थोड़ा सोच समझकर करें।

### मिथुन

आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी और आप अपने भाई-बहनों के साथ किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। कोई कानूनी मामला यदि आपको टेंशन दे रहा था, तो वह भी दूर होगा और आप किसी अजनबी पर आंख बंद करके भरोसा ना करें। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान सम्मान दिलवाएगी, लेकिन आपकी क्रोध करने की आदत के कारण परिवार के सदस्य नाराज रहेंगे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी और बिजनेस भी पहले से बेहतर चलेगा, जो आपको खुशी देगा, लेकिन आपके पिताजी की सेहत में गिरावट आने की संभावना है और किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी, यदि ऐसा हो, तो आप फिर भी धैर्य और संयम बनाए रखें। यदि आपने किसी जरूरतमंद की मदद की, तो वह आपकी मदद के लिए आगे अवश्य आएंगे।

### सिंह

आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा दिलाने वाला रहेगा। आपको प्रॉपर्टी में अच्छे लाभ मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा और किसी शारीरिक समस्या को लेकर आप परेशान रहेंगे और आपकी कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी, जिससे राजनीति में हाथ आजमाने का मौका मिलेगा। आपको किसी बड़े नेता से मिलने का मौका भी मिल सकता है।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको अपनी किसी गलती को लेकर भागदौड़ बनी रहेगी। आप अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे, जो आपकी समस्या का कारण बनेंगे। जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिलने से आपका मन खुश रहेगा और आप अपने भाई व बहनों की भावनाओं का सम्मान करें और यदि आपको किसी की कोई बात बुरी लगे, तो आप उसको लेकर उससे बातचीत अवश्य करें।

### तुला

आज आपको आय और व्यय में भी संतुलन बनाकर चलना होगा। आपको अपने किसी सहयोगी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा और अपने कामों को लेकर आपको थोड़ा स्ट्रिक्टनेस दिखानी होगी, तभी वह समय से पूरे हो सकेंगे। आप काम को लेकर कोई गलती कर सकते हैं, जिससे आपके साथी आपसे नाराज रहेंगे और आप घर के रिनोवेशन का काम भी शुरू करने की प्लानिंग कर सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से खुशी होगी और आपको परिवार में किसी सदस्य के विवाह में आ रही बाधा को भी मिल बैठकर दूर करना होगा। आप खापान को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना बरतें और कोई पुरानी समस्या आपकी उभर सकती है। आज आप अपने रहन-सहन के स्तर में भी सुधार लाएंगे। शेयर मार्केट अथवा लॉटरी आदि में निवेश करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। भाग्य का पूरा साथ मिलेगा।

### धनु

आजकल दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने पिताजी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। यदि आपको काम को लेकर कोई सुझाव दे, तो आप उस पर अमल अवश्य करें और गलत खानपान से बचें, नहीं तो आपकी पेट संबंधित समस्या बढ़ेंगी। जो आपकी मुश्किलों को बढ़ाएंगी। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा और सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### मकर

आज का दिन आपके लिए परोपकार के कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपको अपने आसपास में किसी लड़ाई-झगड़े में पड़ने से बचना होगा। किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने से आपकी छवि और निखरेगी और आपके जन समर्थन में भी इजाफा होगा। आप अपनी संतान के मनमौजी स्वभाव के लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे और आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी क्योंकि वह आपको बहलाने-फुसलाने की कोशिश करेंगे।

### कुंभ

आज आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपको अपने भाई-बहनों का पूरा सपोर्ट मिलेगा और आपको कोई साइड इनकम भी मिलने की संभावना है, जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती देगी। आप किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं, क्योंकि अकस्मात खराबी के कारण आपका खर्च बढ़ेगा और आपकी टेंशन भी बढ़ सकती है। आप किसी काम को लेकर अकस्मात यात्रा पर जा सकते हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी अजनबी पर भरोसा न करें। आज जीवनसाथी और आपके बीच कोई कहासुनी बढ़ेगी इसलिए थोड़ा संयम बनाए रखें। नौकरी में यदि आपको कई काम मिले, तो उसमें लापरवाही बिल्कुल ना करें। माताजी की सेहत मे गिरावट आने से भागदौड़ अधिक रहेगी। आपकी अपने किसी सहयोगी से किसी बात को लेकर खटपट होने की संभावना है।

आज मंगलवार 18 नवंबर का दिन है। आज के दिन चंद्रमा का गोचर स्वाति नक्षत्र और तुला राशि में होगा। आज के दिन सुनफा योग बन रहा हैं क्योंकि आज चंद्रमा से दूसरे भाव में सूर्य बुध और मंगल की युति होने जा रही है, इससे साथ ही आज मंगल के अपनी स्वराशि वृश्चिक राशि में होने से रुचक राजयोग भी बन रहा है। ऐसे में आज के दिन कुछ राशि वालों के ऊपर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा मिलेगी। आइए जानते हैं ऐसे में मेष से लेकर मीन राशि तक के सभी राशियों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा।राशिफल को निकालते समय ग्रह-नक्षत्र के साथ-साथ पंचांग की गणना का विश्लेषण किया जाता है।

# बालू माफियाओं ने खनन विभाग

## बालू माफियाओं ने खनन विभाग की टीम पर किया हमला; दो जवान को कुचला, एक की मौत, दूसरा गंभीर



Patna Police: घटना के बाद खनन विभाग और पटना पुलिस की टीम बालू माफिया के खिलाफ छापेमारी अभियान चला रहा है। पुलिस का है कि घायल जवान का अस्पताल में इलाज चल रहा है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।पटना में पालीगंज अनुमंडल के दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र में बीती देर रात बालू माफियाओं ने खनन विभाग की टीम पर हमला कर सनसनी फैला दी। अवैध बालू खनन के खिलाफ चल रहे चेकिंग अभियान के दौरान माफियाओं ने न सिर्फ जांच रोकी, बल्कि सैप जवानों पर स्कॉर्पियो चढ़ाकर उन्हें रौंद दिया। घटना में एक जवान की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। जानकारी के अनुसार, काब गांव के पास खनन विभाग की टीम अवैध बालू लदे वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक ट्रैक्टर को रोका गया और जांच में पुष्टि हुई कि वह अवैध बालू लेकर जा रहा था। सैप जवान जब ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ला रहे थे, तभी ट्रैक्टर मालिक और उसके साथियों ने जवानों से मारपीट शुरू कर दी।मारपीट के बाद आरोपी स्कॉर्पियो लेकर भागने लगे और भागते समय जानबूझकर सैप जवानों को कुचल दिया।

इस हादसे में दोनों जवान बुरी तरह घायल हो गए। इधर, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तुरंत पीएमसीएच पटना भेजा। इलाज के दौरान एक जवान ने दम तोड़ दिया। मृत जवान की पहचान दुखहरन पासवान के रूप में हुई है, जबकि गंभीर रूप से घायल जवान लक्ष्मण सिंह का इलाज जारी है।वारदात के बाद पुलिस हरकत में आई और हमले में शामिल स्कॉर्पियो को बरामद कर लिया। हालांकि, वाहन में सवार सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। वहीं लोगों का कहना है कि बालू माफिया खुलेआम वारदात को अंजाम दे रहे हैं। वह बेखौफ होकर अवैध खनन करते हैं। इसे रोकने के दौरान हमले की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।

# Jharkhand News:

## धनबाद निरसा में अवैध खनन के दौरान बड़ा हादसा, चाल धंसने से एक मजदूर की मौत; तीन घायल



झारखंड के धनबाद के निरसा क्षेत्र में अवैध खनन के दौरान बड़ा हादसा हुआ है, चाल धंसने से एक शख्स की मौत और तीन घायल हुए हैं।झारखंड के धनबाद जिले के निरसा स्थित ईसीएल के बंद पड़े कापासारा आउटसोर्सिंग कोलियरी क्षेत्र में रविवार सुबह अवैध खनन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। कोयले की चाल धंसने से एक महिला सहित चार लोग मलबे में दब गए। हादसे में सीतारामपुर (पश्चिम बंगाल) निवासी मनोज कोयरी (46) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं।खदान से जुड़े लोगों ने सभी को मलबे से बाहर निकाला और घायलों का इलाज गुप्त रूप से कराया जा रहा है। घटना के बाद भी कोलियरी प्रबंधन और निरसा पुलिस किसी भी दुर्घटना से साफ इंकार कर रहे हैं। घटना कापासारा कोलियरी के पश्चिम दिशा में मुगमा स्टेशन रोड के पास हुई, जहां लगभग 100 फीट गहरी सुरंगनुमा जगह में लंबे समय से अवैध खनन किया जा रहा था। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह आठ-दस मजदूर रोज की तरह अंदर उतरे थे। कुछ घंटों बाद अचानक चाल धंस गई और चार लोग मलबे में दब गए।मौके पर ही एक की मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध खनन में शामिल

अधिकांश मजदूर पश्चिम बंगाल और आसपास के जिलों के निवासी थे। स्थानीय ग्रामीणों ने इस हादसे के लिए कोलियरी प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि खदान की सुरक्षा व्यवस्था नाममात्र की है। डेंजर एरिया और वर्जित क्षेत्र के बोर्ड लगाकर खानापूर्ति की जाती है, जबकि खदान को खुला छोड़ दिया गया है। मजबूरी में लोग अपनी जान जोखिम में डालकर रोजी-रोटी के लिए अवैध खनन करने को विवश हैं।सूत्रों के अनुसार, इस क्षेत्र में अवैध खनन का संचालन स्टेशन रोड निवासी अजगर नामक युवक द्वारा किया जाता है। इसके लिए कुल्टी, बराकर, आसनसोल,

# शरीर और दिमाग के लिए दिन में आठ घंटे काम करना काफी

## दीपिका बोलीं- मां बनने के बाद बदलीं कई चीजें



Deepika Padukone On Shift Hours: दीपिका पादुकोण ने एक बार फिर अपने आठ घंटे काम करने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने यह भी बताया कि आखिर क्यों नई माओं के लिए आठ घंटे काम करना जरूरी है।अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम की मांग करने के बाद इंडस्ट्री में एक बहस लगातार छिड़ी है। हालांकि, इसके बाद दीपिका के हाथ से 'स्पिरिट' और 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल जैसी बड़ी फिल्में भी चली गईं। लेकिन दीपिका अपनी अपनी मांग पर कायम हैं और उन्हें इंडस्ट्री के भी कई लोगों का समर्थन मिला है। दीपिका ने ये फैसला अपनी बेटी दुआ के होने के बाद लिया है।दीपिका का कहना है कि नई मांओं को काम पर लौटने के लिए सहयोग की जरूरत होती है। इसी वजह से उन्होंने ऐसा फैसला लिया है। हार्पर बाजार इंडिया के साथ बातचीत में अपने रुख को स्पष्ट करते हुए दीपिका ने कहा कि हमने जरूरत से ज्यादा काम करना सामान्य मान लिया है। हम थकान को प्रतिबद्धता समझने

# फराह खान से लेकर विक्की कौशल तक

## सेलेब्स ने राजकुमार राव और पत्रलेखा को पैरेंट्स बनने पर कुछ यूं दी बधाइयां

Celebs Wishes Rajkummar-Patralekha: बॉलीवुड के खूबसूरत कपल राजकुमार राव और पत्रलेखा के घर बेबी गर्ल ने जन्म लिया। अब दोनों माता-पिता बन गए हैं। इस खुशी के मौके पर सितारे बधाइयां दे रहे हैं। इस कड़ी में फराह खान से लेकर विक्की कौशल, कृति सेनन जैसे आदि सेलेब्स ने उन्हें बधाइयां दी हैं। पढ़िए उन्होंने क्या कहा।अभिनेता राजकुमार राव और उनकी पत्नी-एक्ट्रेस पत्रलेखा हाल ही में माता-पिता बन गए हैं। इस जोड़े ने बेबी गर्ल के रूप में अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। इस खुशखबरी के आते ही तमाम सितारे उन्हें बधाइयां दे रहे हैं।







# पहले दिन अजय की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' ने मारी बाजी

## 'कांथा' ने भी दिखाया दम; जानें बाकी फिल्मों का कलेक्शन

Box Office Collection: शुक्रवार को अजय देवगन की फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' और साउथ फिल्म 'कांथा' रिलीज हुई। पहले ही 'हक' के अलावा कुछ और फिल्में सिनेमाघरों में मौजूद हैं। जानिए, शुक्रवार को नई रिलीज और बाकी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन क्या रहा?अजय देवगन की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' को लेकर रिलीज से पहले अच्छा-खासा क्रेज था। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन में भी यह बात साफ नजर आई। अजय की फिल्म ने पहले दिन अच्छा कलेक्शन कर लिया। साथ ही





शुक्रवार को दुलकर सलमान की साउथ फिल्म 'कांथा' भी रिलीज हुई। जानिए, दे दे प्यार दे 2', 'कांथा' ने पहले दिन कितना कमाया। साथ ही बाकी फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल है? सैकनिल्क के अनुसार अजय देवगन और रकुल प्रीत स्टारर फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' ने पहले दिन 8.50 करोड़ की कमाई की है।अंशुल शर्मा निर्देशित फिल्म 'दे दे प्यार दे 2' में अजय देवगन, रकुल प्रीत के अलावा माधवन भी हैं। फिल्म की कहानी एक एच गैप स्टोरी है। फिल्म में माधवन ने रकुल प्रीत के किरदार के पिता का रोल किया है। वहीं रकुल और अजय देवगन के कैरेक्टर्स के बीच लव स्टोरी दिखाई है।

# 'जिंदगी कैसे बदलती है...', प्रियदर्शन की 'हैवान'

## में हुई इस साउथ सुपरस्टार की एंट्री; निर्देशक ने ऐसे किया वेलकम



Haiwaan Movie: प्रियदर्शन की आगामी फिल्म 'हैवान' अपनी घोषणा के साथ ही चर्चा में बनी हुई है। अब फिल्म में एक बड़े स्टार की एंट्री हुई है। जानिए कौन है वो सुपरस्टार...अक्षय कुमार और सैफ अली खान की फिल्म 'हैवान' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। फिल्म की शूटिंग अभी जारी है और सेट से कई तस्वीरें भी कास्ट की सामने आ चुकी हैं। प्रियदर्शन की इस फिल्म में अब मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की भी एंट्री हो गई है। ये पहले से ही कहा जा रहा था कि मोहनलाल इस फिल्म का हिस्सा होंगे। अब ये कंफर्म हो गया है कि मोहनलाल फिल्म का हिस्सा हैं और उन्होंने शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद निर्देशक प्रियदर्शन ने दी है।निर्देशक प्रियदर्शन ने अपने इंस्टाग्राम पर 'हैवान' के सेट से एक तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में वो अभिनेता सैफ अली खान और मोहनलाल के साथ नजर आ रहे हैं। फोटो में उनके साथ एक चाइल्ड आर्टिस्ट भी नजर आ रही है। इस तस्वीर को साझा करते हुए प्रियदर्शन ने मोहनलाल के लिए एक प्यारा सा नोट भी लिखा है। कैप्शन में प्रियदर्शन ने लिखा, 'जिंदगी को देखो यह कैसे बदलती है। मैं यहां हूं, 'हैवान' के शूटिंग सेट पर, अपने सबसे बड़े क्रिकेट नायकों में से एक और अपने पसंदीदा फिल्म आइकन के बेटे के साथ काम कर रहा हूं। सच में, भगवान दयालु हैं।'

# बच्चों के बीच दिखा सलमान खान का क्रेज



Salman Khan Share Dabangg Tour: इन दिनों सलमान खान दबंग टूर के सिलसिले में कतर में मौजूद हैं। हाल ही में इस टूर से उनके कुछ वीडियो वायरल हुए। एक वीडियो में भाईजान को देखकर छोटे बच्चे क्रेजी हो गए। वहीं सलमान ने भी दबंग टूर रिहर्सल का वीडियो पोस्ट किया है। सलमान खान 'बिग बॉस 19' की होस्टिंग को ब्रेक देकर दबंग टूर पर निकल पड़े हैं। उनकी जगह शो को अब रोहित शेट्टी होस्ट कर रहे हैं। दबंग टूर के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। इन वीडियो में उनके लिए फैंस की दीवानी साफ नजर आ रही है। साथ ही दबंग टूर की तैयारियों सलमान खान भी खूब पसीना बहा रहे हैं। जानिए, इन वायरल वीडियो में क्या खास दिखा। सोशल मीडिया पर सलमान खान का एक वीडियो वायरल है, जिसमें बच्चों की भीड़ एक्टर को देखकर एक्साइटेड नजर आई। बच्चे सलमान का नाम पुकारते दिखे, साथ ही भाईजान से हाथ मिलाने को भी बेताब नजर आए। सलमान ने भी बच्चों को निराश नहीं किया और सबसे हाथ मिलाने की कोशिश की। सलमान ने बच्चों को 'हैप्पी चिल्ड्रेंस डे' भी कहा। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह दबंग टूर के लिए डांस रिहर्सल कर रहे हैं। इस डांस रिहर्सल में तमन्ना भाटिया, जैकलीन फर्नांडिस भी दिखीं, दोनों एक्ट्रेस अपनी स्टेज परफॉर्मेंस की तैयारियां कर रही हैं। मनीष पॉल को भी स्टेज पर देखा गया, वह दबंग टूर के प्रोग्राम को होस्ट करेंगे। सलमान खान के करियर फ्रंट की बात करें वह एक फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' कर रहे हैं। इस फिल्म में वह एक आर्मी ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म की काफी शूटिंग सलमान खान कर चुके हैं।
सलमान खान के करियर फ्रंट की बात करें वह एक फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' कर रहे हैं। इस फिल्म में वह एक आर्मी ऑफिसर के रोल में नजर आएंगे।

# Finance: 16वें वित्त आयोग ने राष्ट्रपति को सौंपी अंतिम रिपोर्ट, केंद्र-राज्य के बीच कर बंटवारे पर दिए सुझाव



16वें वित्त आयोग ने 2026-27 से 2030-31 की अवधि के लिए केंद्र और राज्यों के बीच करों के वितरण से संबंधित अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी। आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगड़िया, सदस्यों एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, टी रबी शंकर, सौम्यकांति घोष और सचिव ऋत्विक पांडे राष्ट्रपति से मुलाकात कर रिपोर्ट का औपचारिक हस्तांतरण किया। इसके बाद आयोग ने रिपोर्ट की प्रतियां प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री को भी प्रस्तुत कीं।

**रिपोर्ट में क्या शामिल है?**

रिपोर्ट में केंद्र-राज्य कर हिस्सेदारी के ढांचे, राज्यों के बीच हिस्सेदारी निर्धारण, अनुदान सहायता और आपदा प्रबंधन के वित्तपोषण तंत्र की समीक्षा से जुड़े प्रमुख सुझाव शामिल हैं। ये सिफारिशें 1 अप्रैल 2026 से शुरू होने वाली पांच साल की अवधि के लिए आयोग के अधिदेश के हिस्से के रूप में की गई हैं। सोलहवें वित्त आयोग का गठन भारत के राष्ट्रपति द्वारा संविधान के अनुच्छेद 280 के खंड (1) के तहत किया गया था। आयोग को मिले 'टर्म्स ऑफ रेफरेंस' के अनुसार उसे संघ और राज्यों की वित्तीय क्षमता, जरूरतों और विकासात्मक संतुलन को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त फॉर्मूला तय करना था।

# The Bonus Market Update:

## लाल निशान पर खुला शेयर बाजार; सेंसेक्स 293 अंक गिरा, निफ्टी में भी गिरावट




वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के साथ मुनाफावसूली के चलते मंगलवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई।शुरुआती कारोबार में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 292.95 अंक गिरकर 84,658 अंक पर आ गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 83.3 अंक गिरकर 25,930.15 अंक पर आ गया। शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 8 पैसे कमजोर होकर 88.67 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.47 प्रतिशत गिरकर 63.90 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 442.17 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने भी पिछले कारोबार में 1,465.86 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सोमवार को लगातार छठे दिन तेजी के साथ सेंसेक्स 388.17 अंक या 0.46 प्रतिशत चढ़कर 84,950.95 पर बंद हुआ। निफ्टी 103.40 अंक या 0.40 प्रतिशत बढ़कर 26,013.45 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक तेजी से नीचे कारोबार कर रहे थे। सोमवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा कि मंगलवार को साप्ताहिक एफएंडओ समाप्ति और नरम वैश्विक संकेतों के कारण अस्थिरता की स्थिति रह सकती है,

# Business Roundup:

## लगातार चौथे दिन गिरा शेयर बाजार; सोना-चांदी रिकॉर्ड हाई से नीचे, यहां पढ़ें कारोबार की खबरें




Business Roundup: बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को रिकॉर्ड ऊंचाई से गिरावट आई। इस बीच, रुपया शुरुआती निचले स्तर से उबरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.72 पर लगभग स्थिर बंद हुआ। बिजनेस राउंडअप में पढ़ें कारोबार जगत की खबरें एक ही क्लिक में।

भारतीय और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ी कई खबरें मंगलवार को कारोबार जगत की सुर्खियां बनीं। बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद लाल निशान पर बंद हुए। डॉलर में सुधार और फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल द्वारा मंगलवार को दिए गए भाषण में की गई आक्रामक टिप्पणियों के कारण सोने की कीमतें अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर से थोड़ी नीचे आ गई हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी। आइए बिजनेस राउंडअप में इन खबरों पर विस्तार से एक नजर डालें।विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिका में एच-1बी वीजा शुल्क में भारी वृद्धि की चिंता के कारण बुधवार को बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार चौथे दिन गिरावट

# Gold Silver Price

## दिल्ली में सोना 300 रुपये बढ़कर 129700 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर, चांदी में गिरावट



मजबूत मांग के बीच सोमवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 300 रुपये बढ़कर 1,29,700 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली इस बहुमूल्य धातु की कीमत भी सभी करों सहित 300 रुपए बढ़कर 1,29,100 रुपए हो गई। वहीं चांदी की कीमत 1,000 रुपये घटकर 1,63,800 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतें रही स्थिर**

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना हाजिर 4,077.35 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर रहा। वहीं चांदी हाजिर 0.66 प्रतिशत बढ़कर 50.89 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

**मजबूत डॉलर ने सोने पर डाला असर**

मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि इस समय हाजिर सोना स्थिर कारोबार कर रहा है, क्योंकि मजबूत डॉलर ने तेजी को सीमित कर दिया है। वहीं ताइवान पर चीन की टिप्पणी को लेकर चीन-जापान तनाव ने गिरावट को कम कर दिया है।

**ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदें हुई धूमिल**

ऑग्मोंट में अनुसंधान प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा कि पिछले सप्ताह बाजार में भारी बिकवाली हुई।

# Crude Oil

## रूस पर अमेरिका के प्रतिबंधों से कच्चे तेल की कीमतों में चार फीसदी से अधिक उछाल, बाजार में हलचल



अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया।यूक्रेन में शांति समझौते पर बातचीत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाने के प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन प्रतिबंधों में अमेरिका में रोसनेफ्ट और लुकोइल की सभी संपत्तियों को जब्त करना भी शामिल है। अमेरिका की इस सख्ती के बाद बृहस्पतिवार को वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में 4 फीसदी से ज्यादा उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 2.71 डॉलर या 4.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 65.30 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड की कीमतें 2.56 डॉलर या 4.40 फीसदी के उछाल के साथ 61.06 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गईं।अमेरिका से पहले ब्रिटेन ने भी पिछले सप्ताह रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगाए हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने भी रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के 19वें पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें रूसी एलएनजी के आयात पर पाबंदी लगाना भी शामिल है। यूबीएस के विश्लेषक जियोवानी स्टानोवो ने कहा, वैश्विक तेल बाजारों पर इन प्रतिबंधों का पड़ने वाला असर इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत कैसी प्रतिक्रिया देता है और क्या रूस को वैकल्पिक खरीदार मिलते हैं।


BOOK YOUR ADVERTISEMENT
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
इस 2025 शुरू करे अपनी Fintech Company और बनाएँ
अपना खुद का Multi Recharge Software
ADMIN PANEL
API PANEL
आपका भरोसा, हमारी पहचान PlanetC Technology सदा आपके साथ
Software / Api Panel / All other Validation
B2B B2C Software | AEPS DMT Software | White Lebal Software | HRMS Software | Multi Recharge Software
| CRM Software | School Software | News Software | Inventory Software | Ecommerce Software
Rs.60,000
मात्र
Rs. 50,000
Account Opening
DMT (MoneyTransfer)
DTH Recharge
AEPS
CMS Service
Fastag Recharge
Insurance
Utility Bills
Postpaid Recharge
PlanetC Technology की विश्वसनीय वित्तीय सेवाओं का लाभ उठाएं
और अपने जीवन को बेहद सरल बनाएं।
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120300
Follow us on:/


PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
PROMOTE YOUR
BUSSINESS ON
NEWS CHANNEL
Enquire today for best News Channel Ad Packages
Our Service:
Product Advertising
Service Advertising
Business Advertising
Contact Us
+91 7088120612
www.planetnewsindia.com
Follow on:


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
WE ARE
HIRING
FOR FIELD SALES & MARKETING
VACANCY
OPEN POSITION
Field sales executive
Field sales officer
Team leader
APPLY NOW
Send your CV to:
hr@planetctechnology.com
B-9, Gayatri Bhawan, Vikram Colony Ramghat
Road Aligarh, Uttar Pradesh, 202001


PlanetC Technology
Digital Payment Instant Solution
Follow us on:/
DIGITAL INDIA के ज़माने में
बढ़ाएं अपनी इनकम
MULTI RECHARGE SOFTWARE
के साथ...
साथ में मिलेगी ये सुविधाएं...
Mobile Recharge
DTH Recharge
Bill Payment
Pan Card
BBPS Service
Money Transfer
AEPS Cash Withdrawal
SPECIAL OFFER
Rs.60,000
मात्र
Rs. 40,000
MORE INFORMATION
www.pctpay.com
+91 7088120900


Book Your
AD Here
ADS
+91 7088120612

# WTC Final: आठ टेस्ट में तीन हार

## क्या भारत अब भी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंच सकता है? जानें समीकरण




टीम का मौजूदा अंक प्रतिशत (PCT) 54.17 प्रतिशत है, जो पिछले तीन चक्रों को देखते हुए फाइनल खेलने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता। डब्ल्यूटीसी में आमतौर पर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का अंक प्रतिशत 64-68% के बीच रहता है। ऐसे में भारत की राह बेहद संकरी और चुनौतीपूर्ण है।कोलकाता टेस्ट में मिली हार के बाद भारत की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) 2025–27 में स्थिति मुश्किल हो चुकी है। शुभमन गिल की कप्तानी वाली टीम ने अब तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र में आठ में से तीन टेस्ट हार चुकी है। एक मुकाबला ड्रॉ रहा और केवल चार जीत दर्ज की हैं। यह प्रदर्शन उन मानकों से काफी दूर है जो फाइनल में जगह बनाने के लिए अपेक्षित होते हैं।टीम का मौजूदा अंक प्रतिशत (PCT) 54.17 प्रतिशत है, जो पिछले तीन चक्रों को देखते हुए फाइनल खेलने के लिए पर्याप्त नहीं माना जाता। डब्ल्यूटीसी में आमतौर पर फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का अंक प्रतिशत 64-68% के बीच रहता है। ऐसे में भारत की राह बेहद संकरी और चुनौतीपूर्ण है।भारत को इस साइकिल में कुल 18 टेस्ट खेलने थे, जिनमें से आठ मैच वह खेल चुका है।अब उसके सामने10महत्वपूर्ण मुकाबले शेष हैं। इनमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज का एक टेस्ट (गुवाहाटी), श्रीलंका दौरे पर दो टेस्ट, न्यूजीलैंड दौरे पर दो टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज शामिल हैं। इन सभी मुकाबलों में भारत को लगभग बेहतरीन क्रिकेट दिखाना होगा। खासकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट की होम सीरीज भारत की डब्ल्यूटीसी किस्मत तय कर सकती है, क्योंकि यहां हार की कोई गुंजाइश नहीं होगी।अगर भारत अपने शेष 10 मैच सभी जीत लेता है, तो उसके कुल अंक 172 हो जाएंगे और अंक प्रतिशत बढ़कर 79.63 प्रतिशत हो जाएगा, यानी फाइनल तय। हालांकि, यह आदर्श स्थिति है। भारत का संभावित अंक प्रतिशत, टीम द्वारा शेष मैचों में प्राप्त जीत की संख्या पर निर्भर करेगा। भारत 18 में से आठ टेस्ट खेल चुका है और हम आपको यह बता रहे हैं

# सभी टीमें आज जारी करेंगी रिटेन-रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची, कौन रहेगा बरकरार और किसका छूटेगा साथ




आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने की उम्मीद है। नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है।आईपीएल 2026 के सत्र के लिए सभी 10 टीमों ने कमर कस ली है और इससे पहले होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी को रिटेन या रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी होगी। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने ये सूची जारी करने की अंतिम तिथि 15 नवंबर रखी है। आईपीएल 2026 के लिए होने वाली नीलामी 16 दिसंबर को अबु धाबी में होने की उम्मीद है। नीलामी से पहले सभी फ्रेंचाइजी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। पिछले साल हुए मेगा नीलामी के उलट फ्रेंचाइजी जितने चाहे खिलाड़ियों को रिटेन या रिलीज कर सकती हैं। टीमें अपनी इच्छानुसार अपनी टीम में बदलाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि, प्रत्येक फ्रेंचाइजी को 120 करोड़ रुपये के पर्स की सीमा का ध्यान रखना होगा। प्रत्येक टीम अधिकतम 25 खिलाड़ियों को ले सकती है, जिसमें अधिकतम आठ विदेशी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। टीमें अन्य फ्रेंचाइजी के साथ खिलाड़ियों ट्रेड भी कर सकती हैं। ऐसे मामलों में जहां अलग-अलग मूल्य के खिलाड़ियों ट्रेड किया जाता है, उस स्थिति में उच्च मूल्य वाले खिलाड़ी को लेने वाली फ्रेंचाइजी को शेष राशि का भुगतान करना होता है। खिलाड़ियों को कैश डील से भी ट्रेड किया जा सकता है जहां खिलाड़ी को एक्सचेंज फीस के भुगतान पर ट्रेड किया जा सकता है।आईपीएल के नियमनुसार सीजन समाप्त होने के तुरंत बाद ट्रेड विंडो खुल जाता है और नीलामी के एक सप्ताह पहले तक टीमें ट्रेड कर सकती हैं। नीलामी के बाद ट्रेड विंडो आईपीएल सीजन शुरू होने के एक महीने पहले तक दोबारा खुली रहती है। हालांकि, मिनी नीलामी में खरीदे गए खिलाड़ियों को टीमें ट्रेड नहीं कर सकती हैं। मुंबई इंडियंस ने ऑलराउंडर शेरफाने रदरफोर्ड को गुजरात टाइटंस से 2.6 करोड़ रुपये में ट्रेड किया है।डेवोन कॉनवे और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की राहें जुदा हो चुकी हैं। सीएसके ने हालांकि, आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा है, लेकिन कॉनवे ने इसकी पुष्टि कर दी है। सीएसके ने कॉनवे को 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का

# दूसरे दिन के पहले सत्र का खेल समाप्त

## भारत द.अफ्रीका से 21 रन पीछे; जडेजा-जुरेल क्रीज पर



भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच का आज दूसरा दिन है। भारत ने शुरुआती दिन दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 159 रन पर ढेर कर दी थी। अब भारतीय टीम की नजरें बड़ी बढ़त लेने पर टिकी हुई हैं।भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र का खेल समाप्त हो गया है। भारत ने लंच ब्रेक तक पहली पारी में चार विकेट पर 138 रन बनाए हैं और वह फिलहाल दक्षिण अफ्रीका से 21 रन पीछे चल रहा है। फिलहाल रवींद्र जडेजा 11 रन और ध्रुव जुरेल पांच रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। भारत ने दूसरे दिन पहले सत्र में वाशिंगटन सुंदर, केएल राहुल और ऋषभ पंत के विकेट गंवाए। भारत के लिए चिंता की बात यह है कि कप्तान शुभमन गिल चोटिल हो गए हैं जिस कारण उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा है।दूसरे दिन केएल राहुल और वाशिंगटन ने टीम की पारी आगे बढ़ाई और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 57 रनों की साझेदारी हुई। वाशिंगटन के आउट होने के साथ ही इस साझेदारी का अंत हुआ। वाशिंगटन 82 गेंदों पर 29 रन बनाकर आउट हुए। वाशिंगटन के आउट होने के बाद गिल क्रीज पर उतरे थे। उन्होंने मैदान पर आते ही चौके के साथ खाता खोला, लेकिन उनके गर्दन में दर्द होने लगा। इसके बाद फिजियो मैदान पर आए और गिल उनके साथ मैदान से बाहर चले गए। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में तीसरा झटका लगा है। केएल राहुल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन केशव महाराज के रूप में स्लिप में कैच थमा बैठे। राहुल 119 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। भारत को ऋषभ पंत के रूप में चौथा झटका लगा जो 24 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हो गए हैं। पंत तेजी से बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। भारत को ऋषभ पंत के रूप में चौथा झटका लगा जो 24 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हो गए हैं। पंत तेजी से बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन अपना विकेट गंवा बैठे। अब क्रीज पर जडेजा के साथ ध्रुव जुरेल मौजूद हैं। भारतीय टीम को केएल राहुल के रूप में तीसरा झटका लगा है। केएल राहुल अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन केशव महाराज के रूप में स्लिप में कैच थमा बैठे। राहुल 119 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। क्रीज पर फिलहाल पंत के साथ रवींद्र जडेजा मौजूद हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंच गया है। क्रीज पर फिलहाल केएल राहुल के साथ ऋषभ पंत मौजूद हैं। कप्तान गिल चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए हैं। गिल की चोट कितनी गंभीर है, फिलहाल इसकी जानकारी बीसीसीआई ने नहीं दी है।भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल चोटिल होने के कारण मैदान से बाहर चले गए हैं।

# राजस्थान रॉयल्स और सीएसके बीच डील हुई पक्की

## अब येलो जर्सी में दिखेंगे सैमसन और RR के होंगे जडेजा?



रिपोर्ट की मानें तो सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स को जडेजा और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन दोनों खिलाड़ी मिलेंगे। माना जा रहा है कि रिटेंशन सूची सौंपने से पहले इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है।राजस्थान रॉयल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच रवींद्र जडेजा और संजू सैमसन को लेकर डील पक्की हो गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सैमसन और जडेजा को लेकर दोनों फ्रेंचाइजी स्वैप डील पर सहमत हो गए हैं। आईपीएल 2026 के लिए होने वाली मिनी नीलामी से पहले सभी टीमों को शनिवार तक रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की सूची सौंपनी है। इससे पहले ही यह खबर सामने आ रही है कि सैमसन और जडेजा को लेकर सीएसके और राजस्थान के बीच डील पक्की हो गई है। रिपोर्ट की मानें तो सैमसन की जगह राजस्थान रॉयल्स को जडेजा और इंग्लैंड के ऑलराउंडर सैम करेन दोनों खिलाड़ी मिलेंगे। माना जा रहा है कि रिटेंशन सूची सौंपने से पहले इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। सैमसन को सीएसके में शामिल कराने को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही है। सैमसन 2021 से राजस्थान टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि जडेजा 2012 से सीएसके का हिस्सा हैं और उन्होंने इस टीम के साथ तीन बार खिताब जीता है।कई विशेषज्ञों का मानना है कि सैमसन के बदले जडेजा और करेन को लेना राजस्थान के लिए फायदे का सौदा है। जडेजा और सैमसन की फीस एक समान है, लेकिन करेन 2.4 करोड़ रुपये में रॉयल्स में शामिल होंगे। आईपीएल की एक फ्रेंचाइजी के सीईओ ने इस बात को चौंकाने वाला बताया कि जडेजा जैसे खिलाड़ी को सीएसके ने आसानी से जाने दिया। आईपीएल 2026 से पहले सीएसके में बड़े बदलाव की तैयारी है, क्योंकि डेवोन कॉनवे ने पहले ही खुलासा कर दिया है कि उन्हें फ्रेंचाइजी ने रिलीज कर दिया है। चेन्नई शनिवार को होने वाले रिटेंशन से पहले दीपक हुड्डा, राहुल त्रिपाठी और जेमी ओवरटन को अपनी टीम से रिलीज करने की तैयारी में है। सीएसके के लिए पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा था